उत्तर प्रदेश शासन
गृह (गोपन) अनुभाग-3
संख्या: 2/आई/715015 /2024 -सी0एक्स0-3
लखनऊ: दिनॉक 12 अगस्त, 2024

अधिसूचना

चूँकि नीचे अनुसूची में नामित और सविस्तार वर्णित भू-गृहादि ऐसा स्थान है, जिसका प्रयोग मुम्बई-मनमाड-विजवासन पाइपलाइन महाराष्ट्र से मथुरा स्थित बी.पी.सी.एल.प्लांट भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड प्लांट प्राप्ति स्टेशन तक पाइपलाइन द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों, डीजल/पेट्रोल की आपूर्ति के लिए किया जाता है ;

और चूँकि उससे सम्बन्धित या उसके नष्ट होने या उसमें रूकावट या विघ्न पड़ने की सूचना से शत्रु को लाभ पहुँचेगा ;

और चूँकि भारत का संविधान के अनुच्छेद 258 के खण्ड (1) के अनुसरण में, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने, भारत के गजट, असाधारण दिनाँक 11 मई, 1963 के भाग दो की धारा 3 की उपधारा (दो) में प्रकाशित अधिसूचना संख्या-एस0ओ0 1285 दिनाँक 04 मई, 1963 द्वारा शासकीय गुप्त बात अधिनियम, 1923 (अधिनियम संख्या 19 सन् 1923) की धारा 2 के खण्ड (8) के उपखण्ड (ग) तथा (घ) में विनिर्दिष्ट किसी मामले के सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार के कृत्यों को उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को न्यस्त किया है ;

अतएव, अब, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना संख्या-एस0ओ0-1285, दिनाँक 04 मई, 1963 के साथ पठित पूर्वोक्त अधिनियम की धारा-2 के खण्ड (8) के उपखण्ड (घ) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल नीचे दी गयी अनुसूची में नामित और सविस्तार वर्णित भू-गृहादि को पूर्वोक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए एक **"प्रतिषिद्ध स्थान"** घोषित करते हैं और राज्यपाल अग्रतर यह निदेश देते हैं कि इस अधिसूचना की एक प्रति अंग्रेजी में और उस स्थान की जनभाषा में उक्त भू-गृहादि पर लगायी जायेगी।

अनुसूची

प्रतिषिद्ध संस्थान का नाम और विनिर्देश	
बी.पी.सी.एल.पाइपलाइन,भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, रोड नं. 26, प्लॉट नं. एफ-12, एफ-13, एच-27,एच-28,एच-29, यू.पी.एस.आई.डी.सी. औद्योगिक क्षेत्र, साइड बी, आई.ओ.सी.एल. रिफाइनरी के पास मथुरा, उत्तर प्रदेश पिन कोड-281005	
पूर्व में-	बी. पी.सी.एल टैंक लॉरी पार्किंग
पश्चिम में-	औद्योगिक प्लॉट यू.पी.एस.आई.डी.सी.
उत्तर में-	24 मीटर रोड, बी.पी.सी.एल प्लान्ट
दक्षिण में-	सारासर बालाजी ओवरसीज़ प्राईवेट लिमिटेड

आज्ञा से,

ह0/
(**राजेश कुमार**)
सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

UTTAR PRADESH SHASAN
GOPAN ANUBHAG-3

The Governor is pleased to order the publication of the following English translation of Notification no. /2024-CX-3, dated August , 2024 for general information.

NOTIFICATION

No. 02/I/716170/2024-CX-3

Lucknow; Dated: 12 August , 2024

WHEREAS the premises named, detailed and described in the Schedule below is a place used for supplying petroleum products, diesel/petrol from Mumbi-Manmad Bijwasan pipeline, Maharashtra to BPCL Plant in Mathura Receiving Station through pipeline ;

AND WHEREAS an information with respect thereto, or the destruction or obstruction thereof, or interference therewith, would be useful to an enemy ;

AND WHEREAS in pursuance of clause (1) of Article 258 of the Constitution of India, the Ministry of Home Affairs, Government of India has vide Notification no. S.O.1285 dated 4 th May, 1963, published in Part II, section 3, sub -section (ii) of the Gazette of India, Extraordinary dated 11 th May, 1963, entrusted the functions of the Central Government to the State Government of Uttar Pradesh in relation to any matter specified in sub-clauses (c) and (d) of clause (8) of section 2 of the Official Secrets Act, 1923 (Act no.19 of 1923) ;

NOW, THEREFORE , in exercise of the powers under sub-clause (d) of clause (8) of section 2 of the aforesaid Act read with Government of India, Ministry of Home Affairs Notification no. S.O.1285, dated 04 May, 1963, the Governor is pleased to declare the premises named, detailed and described in the Schedule given below to be a **"prohibited place** " for the purposes of the aforesaid Act and the Governor is further pleased to direct that a copy of this notification in English and in the vernacular of the locality be affixed to the said premises.

SCHEDULE

Name and specifications of the Prohibited Place.	
BPCL Pipelines, Bharat Petroleum Corporation Limited, Road No.26 Plot No.F-12, F-13, H-27,H-28,H-29, UPSIDC Industrial Area, Side B, Near IOCL, Refinery, Mathura, Uttar Pradesh. PIN Code 281005	
In East-	BPCL Tank Lorry Parking
In West-	Industrial Plot UPSIDC
In North-	24 Meter Road, BPCL Plant
In South-	Sarasar Balaji Overseas Private Limited

By order,

Sd/-
(Rajesh Kumar)
Secretary.

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।